भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 16/2021
दिनाँक : 20 फरवरी, 2021

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

विषय :–32वीं एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय स्काउट जम्बूरी–2021

महोदय/महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बांग्लादेश स्काउट आगामी **32वीं एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय स्काउट जम्बूरी** की मेजबानी कर रहा है। एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय स्काउट जम्बूरी का आयोजन क्षेत्र के एक प्रमुख स्काउटिंग कार्यक्रम के रूप में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य 12 से 17 वर्ष की आयु के युवा लोगों को उनके जीवनकाल में स्काउट/गाइड के रूप में कम से कम एक बार इस तरह के आयोजन में भाग लेने हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान करना है।

कार्यक्रम का विवरण निम्नवत है:

कार्यक्रम का नाम	:	**32वीं एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय स्काउट जम्बूरी–2021**
दिनाँक	:	**11 दिसम्बर से 19 दिसम्बर, 2021**
स्थान	:	टेकनाफ, काक्स बाजार, बांग्लादेश। जम्बरी साइट बांग्लादेश की राजधानी ढ़ाका से 440 किलोमीटर है।
जम्बूरी ग्राउंड में आगमन की तिथि	:	11 दिसम्बर, 2021 सायं 5:00 बजे से पूर्व
जम्बूरी ग्राउंड से प्रस्थान की तिथि	:	19 दिसम्बर, 2021 नाश्ता के पश्चात
प्री जम्बूरी कैम्प	:	प्री–जम्बूरी कैंम्प 7 से 9 दिसम्बर, 2021 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गंगानगर, पश्चिम बंगाल पर आयोजित होगा। सभी चयनित प्रतिभागियों को 6 दिसम्बर को शाम को या 7 दिसम्बर को प्रातः राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गंगानगर पर रिर्पोट करनी होगी। भारतीय दल एक साथ बस द्वारा कोलकता से बांग्लादेश को प्रस्थान करेगा। प्रतिभागियों को व्यक्तिगत रूप से यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी।
विषय	:	'शाबास ...... ऊर्जा का एक फव्वारा' शाबास एक बंगाली शब्द है और अंग्रेजी में इसका अर्थ है बहुत बढ़िया। स्काउट सदैव भलाई के कार्य करते हैं। इस विषय का चयन स्काउट्स को ऊर्जा के फव्वारे के साथ और अधिक भलाई के कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए चुना गया है।
पात्रता	:	**जम्बूरी के समय 12 से 17 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले स्काउट्स/गाइड्स प्रतिभागियों के रूप में भाग लेने हेतु योग्य है। वयस्क लीडर्स 18 वर्ष से अधिक आयु के एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेवा दल (आईएसटी) सदस्यों की आयु 18 वर्ष से अधिक होगी।** **आवेदनों पर 09 स्काउट्स + 01 वयस्क लीडर एवं 09 गाइड्स + 01 वयस्क लीडर के आधार पर विचार किया जाएगा। युवा प्रतिभागियों के बिना, वयस्क लीडर के आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय सेवादल के बारे में भी यहीं नियम होगा। आईएसटी का चयन भी 9:1 के अनुपात में विचार किया जाएगा।**
अनुमानित व्यय	:	**(1) कौशन मनी – रु0 10,000/–** **(2) जम्बूरी पंजीकरण शुल्क**

		यूएस डॉलर 250.00 अर्थात भारतीय मुद्रा – रु0 19,000/– (बैंक हस्तांतरणकी तारीख को डॉलर की वास्तविक दरों के अधीन) (3) कोलकता से टेकनाफ, कांक्स बाजार बांग्लादेश एवं वापसी परिवहन व्यय – रु0 5,000/– (वास्तविक के अधीन) (4) वीजा चार्जेज एवं सीमा प्रवेश कर – रु0 1,000/– (5) प्री–जम्बूरी शिविर शुल्क – रु0 500/– (6) जम्बूरी किट – रु0 2,500/– —————————————————————— योग – रु0 38,000/– ——————————————————————
कौशन मनी	:	रू. 10,000/–चयन होने के पश्चात प्रतिभाग न करने पर **गैर–वापसी** एवं प्रतिभागिता के पश्चात समायोज्य। डिमांड ड्राफ्ट निदेशक, **'भारत स्काउट्स एवं गाइड्स'** के पक्ष में नई दिल्ली में देय भेजा जाना चाहिए। चयनित प्रतिभागियों को रु0 1,000/– प्रशासनिक व्यय, रु0 2,500/– स्काउट/गाइड कल्याण निधि, रु0 1,500/–पत्रिका एवं जम्बूरी हेतु भारतीय दल पर किए गए विविध व्यय हेतु भुगतान करनें होंगे जिसे कौशन मनी से समायोजित किया जाएगा।
अन्तिम तिथि	:	इच्छुक उम्मीदवार का आवेदन **रु0 10,000/–कौशन मनी, एवं वैध पासपोर्ट की छायाप्रति** के साथ **30 अप्रेल, 2021** या उससे पूर्व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली पर पहुँच जाने चाहिए। विस्तृत विवरण आवेदन एवं कौशन मनी प्राप्त होने पर चयन पत्र में उपलब्ध करा दिया जाएगा।

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त पात्रता एवं मानदंड के अनुसार स्काउट/गाइड को प्रोत्साहित करें एवं उनके आवेदनों को (संलग्न) निर्धारित प्रोफार्मा में **30 अप्रेल, 2021** तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित करें।

चूँकि एशिया प्रशांत क्षेत्र/विश्व स्काउट संगठन के इस सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम जो तीन वर्ष में एक बार होता है की मेजबानी हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश द्वारा की जा रही है। आइए हम बड़ी संख्या में प्रतिभागिता के साथ देश का प्रतिनिधित्व करने हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहन देने के लिए अपना प्रयास करें।

सधन्यवाद

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक स्काउट (कार्यवाहक एवं प्रशिक्षण)

संलग्नकः उपरोक्त

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।